तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 21 जून 2025

14 धरती आबा जनभागीदारी अभियान, शिविर के...

14 मोंगरा स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव




छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा • इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

# खरीफ के लिए किसानों को 244 करोड़ से अधिक का ऋण वितरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

खरीफ फसल की बोआई कर रहे किसानों के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा खजाना खोल दिया गया है। बैंक अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में अब तक 244 करोड़ रुपए से अधिक का ऋण वितरण कर दिया गया है। खाद-बीज का उठाव भी अधिक से अधिक किसान कर चुके हैं। जिले में पंजीकृत किसानों की संख्या 55,893 बताई जा रही है। ज्ञात हो कि शासन के निर्देश के बाद किसानों को जिले में भी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीनस्थ आने वाली सोसाइटियों के माध्यम से खाद बीज और ऋण की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। वर्ष 2025-26 खरीफ फसल के दौरान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधन द्वारा नगद और खाद बीज के रूप में कुल 470 करोड़ रुपए वितरण का लक्ष्य रखा गया जिसमें से अब तक किसानों के द्वारा सोसाइटियों से नगद और वस्तु के रूप में कुल 244 करोड़ 14 लाख 86 हजार रुपए का वितरण कर दिया गया। जिले में पंजीकृत किसानों की संख्या भी लगभग 55,893 के आसपास बताई जा रही है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा का कहना है कि किसानों को बैंक के माध्यम से ऋण और खाद बीज की पर्याप्त व्यवस्था कराई जा रही है। सोसाइटियों के माध्यम से किसानों को यह लाभ दिया जा रहा है।

## नगद और खाद, बीज के रुप में 470 करोड़ रुपए का रखा गया है लक्ष्य

### जिले में 470 करोड़ रुपए वितरण का लक्ष्य

जिले में खरिफ सीजन में नगद, खाद एवं बीज के रुप में सोसाइटियों के माध्यम से किसानों को कुल 470 करोड़ रुपए वितरण करने का लक्ष्य मिला है जिसमें लगभग 244 करोड़ से अधिक रुपए का वितरण किसानों को नगद, खाद एवं बीज के रूप किया जा चुका है जिससे किसानों को खेती करने में कोई परेशानी न हो।



### किसानों को किया गया बीज एवं खाद का वितरण

पिछले दिनो कलेक्टर ने बताया कि अब तक जिले में कुल 41,238 टन खाद का भंडारण किया गया है, जिसमें से 18,432 टन खाद का वितरण किया जा चुका है। वहीं बीज का भंडारण 26,859 क्विंटल किया गया है, जिसमें से 12,704 क्विंटल बीज का वितरण हुआ है।

## खबर संक्षेप

### पत्नी से मारपीट

**महासमुंद।** पत्नी से मारपीट करने के आरोप में सांकरा थाने में आरोपी पति के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया सावित्री भोई पति मथामणी भोई (28 साल) सलडीह ने रिपोर्ट लिखाई है कि 19 जून की रात्रि करीब 8 बजे उसके पति मथामणी भोई ने शराब सेवन कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**महासमुंद।** डूमरपाली में ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार घायल हो गया। खल्लारी पुलिस ने बताया कि 14 जून की रात शिव कुमार निषाद खाना खाकर साइकिल से तालाब रखने के लिए घर से तौराहा बांध तालाब जा रहा था। गांव की गली में उत्तम दीवान के घर के सामने ट्रैक्टर के चालक लकेश्वर सिन्हा पिता रामजी सिन्हा निवासी डूमरपाली ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर शिव कुमार निषाद के साइकिल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसके पेट, कमर, दाहिने हाथ में चोट आई है। आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## पंजीयन : 30 जून अंतिम तिथि, महज 9 दिन शेष

# जिन्होंने ई-केवायसी नहीं कराया उन्हें राशन लेने में होगी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

■ ई पास मशीन में फिंगर प्रिंट से राशन वितरण करने की शुरूवात

जिले में अब राशन लेने के लिए ई-केवायसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है अगर हितग्राही अंतिम तारीख तक पंजीयन नहीं कराया तो राशन लेने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है एवं जिले में राशन वितरण केंद्रों में ई पास मशीन में फिंगर प्रिंट से राशन वितरण करने की शुरूआात हो चुकी है।

जिले में वर्तमान में कुल 3,66,236 राशनकार्ड प्रचलन में हैं, जिनमें 11,57,452 सदस्य पंजीकृत हैं। अब तक 10,70,681 सदस्यों का ई-केवायसी कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि 86,771 सदस्यों का ई-केवायसी कार्य शेष है। भारत सरकार द्वारा 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को ई-केवायसी से छूट प्रदान की गई है। कलेक्टर लंगेह ने अपूर्ण ई-केवायसी वाले सभी हितग्राहियों से कहा है कि वे 30 जून तक अपना ई-केवायसी अवश्य पूर्ण कर लें।



### फिंगर प्रिंट से होगा राशन का वितरण

जिले में 20 जून से ई पास मशीन के द्वारा फिंगर लगाकर राशन वितरण करने की शुरूवात हो चुकी है। पहले सर्वर में आ रही दिक्कतो के कारण 80 की 25 को ही राशन का वितरण दे रहे थे। इन दिक्कतो से अब निजात मिलेगा क्योंकि यह मशीन 5 जी स्पीड पर काम करेगी।

### अब तक 30% एकमुश्त राशन का वितरण

जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने कहा जिले की 593 दुकानों में प्रतिमाह 10 टन चावल वितरण किया जाता है। तीन महीने का एकसाथ 30 हजार एमटी चावल का वितरण होगा। इसमें अब तक लगभग 30% करीब 10 एमटी वितरण हो चुका है। शेष आने वाले दिनों में 21 हजार एमटी चावल का वितरण करेंगे।

### ई-केवाईसी के लिए अब सिर्फ 9 दिन तक ही मौका

जिन हितग्राहियों ने अब तक अपना ई-केवाईसी नहीं कराया है, उन्हें 30 जून 2025 तक अनिवार्य रूप से यह प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। निर्धारित तिथि के बाद ई-केवाईसी नहीं कराने वाले सदस्यों का राशन वितरण बाधित हो सकता है। इससे उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। विभाग ने लोगो से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपने और अपने परिवार के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी पूर्ण कराएं तकी राशन लेने में कोई परेशानी न हो।

# नयापाराखुर्द में दूसरे दिन भी चला बुलडोजर, प्रशासन की सख्ती जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पिथौरा(ग्रामीण)

■ महिलाओं ने जताया विरोध, प्रशासन ने समझाइश देकर कराया मकान खाली

सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण पर दूसरे दिन भी प्रशासन का बुलडोजर चला। गुरुवार को ग्राम लहरौद और नयापारा खुर्द में दो मकानों को गिराने के बाद शुक्रवार को भी ग्राम नयापारा खुर्द में खसरा नंबर 113/1 शासकीय भूमि में करीब 5 डिसमिल में बने मकान को बुलडोजर से गिराया गया। यह कार्रवाई एसडीएम ओम्कारेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में और तहसीलदार नितिन ठाकुर के नेतृत्व में किया गया।

नयापारा खुर्द के लोकनाथ डड़सेना द्वारा खसरा नंबर 113/1 में शासकीय भूमि पर लगभग 5 डिसमिल में अवैध रूप से मकान का निर्माण किया गया था। यह जमीन वर्षों से सार्वजनिक धरसा के रूप में उपयोग में लाई जा रही थी, जिससे होकर किसान अपने खेत और तालाब तक पहुंचते थे। लगातार मिल रही ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने जांच के बाद विधिवत कानूनी कार्रवाई की। तहसीलदार नितिन ठाकुर ने बताया कि तहसील न्यायालय में प्रकरण दर्ज कर सुनवाई किया गया था। और अतिक्रमणकारी को पक्ष रखने हेतु पूरा मौका दिया गया था। और मकान तोड़ने हेतु नोटिस जारी भी किया गया था । जिसके बाद शासकीय भूमि में अवैध अतिक्रमण कर बने मकान को नियमानुसार तोड़ा गया।






कार्रवाई के दौरान घर में मौजूद महिलाओं ने विरोध जताते हुए अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और घंटों तक प्रशासन को कोसती रहीं। लेकिन मौके पर तैनात पुलिस बल और कोतवालों की उपस्थिति में स्थिति को शांतिपूर्वक संभाला गया। महिलाओं को समझाइश देकर घर से बाहर निकाला गया, जिसके बाद बुलडोजर की मदद से मकान को तोड़ा गया। इस कार्रवाई को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में स्थानीय पुलिस बल और कोतवालों की भूमिका सराहनीय रही। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने कानून-व्यवस्था बनाए रखते हुए प्रशासनिक अमले को हरसंभव सहयोग प्रदान किया।

# स्वस्थ रहने के लिए योग दिवस पर लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए: सोनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण के सहयोग इस बार योग दिवस इस बार पुरातात्विक व सांस्कृतिक स्थलों पर मनाया जाएगा। इसी कड़ी में आज सिरपुर में योग दिवस मनाए जाने की तैयारी है। स्वस्थ्य रहने के लिए



योग दिवस पर लोगों को कार्यक्रम में बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। यह बातें भाजपा कार्यालय में भाजपा नेता व पूर्व सांसद रायपुर सुनील सोनी ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही।

सुनील ने कहा कि इस बार पुरातत्व स्थल व सांस्कृतिक व पुरातात्विक धरोहरों वाले स्थलों पर योग दिवस कराने का निर्णय लिया गया है। इस कारण इस बार सिरपुर में आयोजन किया जा रहा है। योग करने से हम तनावमुक्त रहते हैं। सभी को समय निकालकर परिवार के साथ योग करना चाहिए। स्कूल के छात्रों, युवाओं, बुजुर्गों सभी को योग करना चाहिए। जिसमें बड़ी संख्या में प्रशासन के अधिकारी व जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

योग दिवस का उद्देश्य सभी लोगों को योग के लाभ से जोड़ना और उन्हें स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करना है। लोगों को सिर्फ एक दिन नहीं, लोगों को नियमित रूप से योग करना चाहिए। स्वस्थ्य जीवन जीना जिंदगी की पूंजी है। पूरे जिले में योगदिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। योग की सहायता से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को भी दुरुस्त रखा जा सकता है। प्रतिदिन योग करने से शरीर की कई बीमारियां भी ठीक हो जाती है। प्रेसवार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू, विधायक बसना संपत अग्रवाल, पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू, महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, नपा उपाध्यक्ष देवी चंद राठी, सुधा साहू, मीना वर्मा आदि बीजेपी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बड़े भाई की हत्या, आरोपी युवक को आजीवन कारावास की सजा

**महासमुंद।** सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया ने बड़े भाई के हत्यारे पीलूराम ध्रुव पिता स्व. शाखाराम ध्रुव 33 वर्ष वार्ड नंबर 2 ग्राम सिरपुर थाना तुमगाँव निवासी को भादंवि की धारा 302 के तहत सश्रम आजीवन कारावास तथा 100 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड नहीं पटाने पर 1 माह का साधारण कारावास उसे पृथक से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार ग्राम सिरपुर वार्ड नंबर.2 निवासी पीलूराम ध्रुव ने थाना तुमगाँव में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कृषि कार्य करता है, वे 2 भाई हैं। बड़ा भाई पीलाराम आए दिन शराब पीकर आता था और छोटी-छोटी बातों को लेकर उसके साथ मारपीट करता था। 30 जून 2024 को भी रात में पीलाराम ने उसके साथ मारपीट की थी। वह जबरन मारपीट से तंग आ गया था। रात करीब 10.30 बजे भी उसके साथ उसने मारपीट की। और परछी में कूलर चालू कर सो गया। तब उसने, उसे मार देने का मन बनाया और रात करीब 11 बजे लोहे की टंगिया से उसने उसके सिर व चेहरे पर वार कर टंगिया को बगल के खंडहर में फेंक दिया। हमले में पीलाराम की मौत हो गई। बाद में खुद उसने तुमगांव थाने जाकर रिपोर्ट की। जिस पर पुलिस ने पीलूराम की रिपोर्ट पर धारा 302 के तहत हत्या का अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के समय मृतक की पत्नी व बच्चे घर पर नहीं थे। आरोपी पीलूराम अविवाहित है। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक संजय गिरी ने पैरवी की।

# स्कूल से गायब 35 शिक्षकों का एक दिन का वेतन कटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

■ शिक्षा सत्र के पहले दिन ही 35 शिक्षक स्कूल से ही रहे गायब

जिले में नये शिक्षा शुरु होने के छात्रों में उत्साह देखने को मिल रहा है एवं स्टेशनरी सामानों के लिए दुकानों का रूख कर रहे है। वहीं इधर शिक्षा सत्र के पहले दिन ही 35 शिक्षक स्कुल से गायब रहे जिस पर विभाग ने कार्रवाई किया है। बता दें कि नया शिक्षा सत्र शुरू होते ही अब शिक्षा विभाग अपने शिक्षा नीतियों में बदलाव करते हुए शिक्षकों के प्रति कड़ी निगरानी रख रही है। 16 जून से नए शिक्षा सत्र की शुरुआत हो चुकी है। शिक्षा विभाग में पहली बार जिले में स्कूल खुलने के पहले ही दिन अपने विभिन्न स्त्रोतों के माध्यम से जिलेभर के स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान जिलेभर के 1990 स्कूलों में से करीब 35 शिक्षक स्कूलों में पहले ही दिन अनुपस्थित पाए गए। तीन दिनों के भीतर शिक्षकों से इसका जवाब मांगा गया है। यदि जवाब सार्थक पूर्ण नहीं होता है तो इन शिक्षकों की एक दिन का वेतन काटने का निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा दिए गए है। जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे की माने तो शिक्षा विभाग स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर पूरी तरह से सख्ती बरत रही है और शिक्षकों की पदस्थापना, उपस्थित के साथ साथ स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### इन शिक्षकों मिला है कारण बताओ नोटिस

इनमें महासमुंद विकासखंड अंतर्गत अपर्णा पाल व्याख्याता, आरती कुजुर व्याख्याता, सारिका साकरकर व्याख्याता, हेमपुष्पा ध्रुव व्यायाम शिक्षक, बाबूलाल नेगी सहा ग्रेड 02, प्रतिभा प्रभा कंवर व्याख्याता, रूखमणि शर्मा व्याख्याता, अशोक ध्रुव सशि एलबी, विनोद पटेल सशि एलबी, बागबाहरा अंतर्गत नारद साहू सशि एलबी, मनीष कुमार चंद्राकर सशि एलबी,शत्रुहन लाल मिर्धा उवशि, देवेंद्र कुमार ठाकुर शिएलबी, लिलेश्वर सिंह टेकाम सशि एलबी, संगीता सिन्हा सशि एलबी, रूपेश कुमार राजपूत सशि एलबी, बबीता बरिहा सशि एलबी, तरूण ठाकुर सशि एलबी, विनोद मरकाम सशि एलबी, लेखराम वनवासी सशि एलबी, पिथौरा अंतर्गत ममता ठाकुर प्रभारी प्राचार्य, पुरुषोत्तम ठाकुर व्याख्याता, रेखराम साहनी सहा शिक्षक, निर्मला चौधरी शिक्षक (एलबी), राजकपुर तिर्की सहा शिक्षक, गौतम प्रसाद ध्रुव प्रधान पाठक, भूमिका सिंह प्रधान पाठक, अमृतलाल भोई शिक्षक, बसना अंतर्गत सुलोचना डड़सेना प्रधान पाठक, संगीता खुटे सहायक शिक्षक (एलबी), लक्ष्मी प्रसाद पोर्ते शिक्षक (एलबी), रूपधर निषाद विज्ञान सहायक, बालामणि नायक सहायक शिक्षक (एलबी), लोकनाथ खुंटे सहायक शिक्षक (एलबी) एवं सरायपाली अंतर्गत नोमित तिर्की शिक्षक शामिल है।

# अछोली से भोरिंग मार्ग जर्जर, छात्रों ने की नवीनीकरण करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जिले के ग्राम अछोली निवासी छात्रों ने अपने गांव से भोरिंग जाने वाले मार्ग के नवीनीकरण करने की मांग को लेकर विधायक एवं अधिकारियों को आवेदन किया है। छात्रों ने बताया है कि हम समस्त विद्यार्थी अछोली निवासी है जो कि अध्ययन के लिए 5 किमी दूर भोरिंग पढ़ने जाते हैं, यह मार्ग अत्यधिक जर्जर है, जिससे हमे रोज (प्रतिदिन) विद्यालय आने जाने में समस्या होती है। रास्ते का निरीक्षण एवं मार्ग का नवीनीकरण की मांग विधायक एवं संबंधित आधिकारियों से आवेदन प्रस्तुत कर की गई है।

इस दौरान हर्ष साहू, लोमेश साहू, पारसमणि साहू, लितेश्वर साहू, रितेश साहू, डेविड साहू, वासनी, चुनेश्वरी साहू, शारदा साहू, कविता साहू, यामिनी साहू एवं समस्त छात्र उपस्थित रहे।

### शिक्षक से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सहायक शिक्षक से मारपीट के मामले में कोमाखान थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। कोमाखान पुलिस को प्रार्थी डेमन सिंह ध्रुव पिता शिवचरण ध्रुव निवासी ग्राम अरण्ड थाना पिथौरा ने बताया कि वर्तमान में प्राथमिक शाला डोंगाखम्हरिया में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ हूं।19 जून को सुबह 8 बजे स्कूल एंट्री गेट के सामने पहुंचा ही था तभी उसी गांव का नंदलाल यादव उसके साथ बेवजह गाली गलौज करने लगा, जिसे गाली देने से मना किया तो आरोपी ने अपने हाथ में रखे लाठी से मेरे सिर पर वार कर दिया, हेलमेट पहनने की वजह से सिर में चोट नहीं आई। इसके बाद आरोपी नंदलाल द्वारा फिर लाठी से बांये पैर में मारा गया, जिससे अंगूठे में एवं बचाव करने पर बांये हाथ के अंगूठे में चोट आई है। रिपोर्ट पर कोमाखान थाने में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 117(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# यूनाईटेड शोतोकान एसोसिएशन ने कराते सामग्री की मांग



हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जिला मुख्यालय में संचालित यूनाईटेड शोतोकान एसोसीएशन ने बालक-बालिकाओं को निःशुल्क आत्मारक्षा प्रशिक्षण शिविर के लिए कारते समाग्री की मांग करते हुए कलेक्टर कार्यलक के आवक शाखा में आवेदन सौपा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार डडसेना ने बताया है कि हमारे महासमुंद जिले के बालक, बालिकाओ को शारीरिक व मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाने जिससे की बालिकाओ के साथ आपातकालीन की स्थिति में स्वयं आत्मरक्षा का मुकाबला करने का परिपूर्ण उद्देश्य से हमारी यूनाईटेड शोतोकान एसोसिएशन महासमुंद निःशुल्क रूप से कई वर्षों से लगातार सेवा में कार्यरत है। बालक-बालिकाओं को आत्मरक्षा कराते (मार्शल आर्ट) में पारंगत कर आत्मनिर्भर बनाना है, हमारे अथक प्रयासों के बावजूद हमारे अकादमी में मूलभूत सुविधाओं की कमी है जिसके लिए कराते समाग्री की मांग को लेकर आवेदन सौपा है। इस दौरान कराते के खिलाड़ी शामिल रहे।

# लो-वोल्टेज से ग्रामीण हुए परेशान ट्रांसफार्मर बदलने की गुहार लगाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

■ ग्राम मचेवा में बिजली समस्या से परेशान है लोग

ग्राम मचेवा में लो-वोल्टेज और बिजली गुल से लोग परेशान हैं। लो-वोल्टेज से पंखे चल रहे हैं न ही कूलर। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है। ग्रामीण तोगेश साहू व जितेंद्र सिन्हा ने बताया कि ग्राम मचेवा में भाठापारा क्षेत्र में लगा ट्रांसफार्मर पुराना हो चुका है। ट्रांसफार्मर की क्षमता बहुत कम है। इसके चलते वोल्टेज की समस्या है। ग्रामीणों ने कई बार विद्युत विभाग में इस समस्या के समाधान के लिए आवेदन-निवेदन किया। आज तक सुध नहीं ली गई। सुशासन तिहार शिविर में भी ट्रांसफार्मर बदलने की मांग संबंधी आवेदन दिया गया था। बाद भी सकारात्मक पहल नहीं की गई। जबकि, सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण होना बताया जा रहा है। यदि शत-प्रतिशत निराकरण होता तो हमारे गांव की समस्या का भी समाधान होता। ग्राम मचेवा के भांठापारा क्षेत्र के ट्रांसफार्मर से बस्तीपारा कनेक्शन को अलग कर नया उच्च क्षमता वाला ट्रासंफार्मर लगाने की मांग की है।

मांग करने वालों में छन्नू साहू, रामेश्वर राजेश कुमार साहू, गेमन सेन, हुलसी सिन्हा, विजय लक्ष्मी साहू, नोमेश्वरी साहू, पूजा सिन्हा, द्रोपदी साहू कल्याणी साहू सुनीता सेन, देहुति साहू, पार्वती सिन्हा, भीमेश्वरी साहू, दशमत साहू, शकुंलता साहू, पिंकी साहू, भारती साहू, उर्मिला, सविता, योगिता, संतोषी, गायत्री रवि साहू, सुरेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं...

## योग मनुष्य के शरीर, मन और आत्मा को उर्जा, ताकत और सौन्दर्य प्रदान करता हैं

**करों योग, रहों निरोग**

**योग से लाभ –** योग के एक नहीं अनेकों लाभ है। योग सूत्र में, हजारों ऐसे आसन बताए गए हैं, जिनसे हमारे शरीर के प्रत्येक अंग को रोग मुक्त किया जा सकता हैं। रोग व्याधियों के अनुसार लाभ देने वाले योग आसन इस प्रकार हैं :-

**सर्वांगासन** – इससे मोटापा, दुर्बलता, कद वृध्दि में कमी एवं थकान आदि विकार दूर होते हैं। शारीरिक ऊँचाई बढ़ती हैं। यह आसन थायराइड को सक्रिय बनाता हैं।

**पद्मासन** – ध्यान के लिए उत्तम आसन हैं। मन की एकाग्रता को बढ़ाता है। जठराग्नि को तीव्र करता हैं।

**शवासन** – मानसिक तनाव, डिप्रेशन, उच्च रक्तचाप, ह्रदय रोग तथा अनिद्रा के लिए यह सर्वोत्तम आसन हैं। इस आसन से शरीर, मन, मस्तिष्क एवं आत्मा को पूर्ण विश्राम, शक्ति उत्साह एवं आनंद मिलता है। ध्यान की स्थिति का विकास होता है।


**चक्रासन** – यह आसन रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाता है। इससे कमर दर्द में राहत मिलती है। हाथ पैरों की मांसपेशियां सबल बनती है।

**धनुरासन** – धनुरासन मेरुदंड को लचीला एवं स्वस्थ बनाता है। स्त्रियों के मासिक धर्म संबंधी विकृतियां में लाभदायक है।

**सूर्य नमस्कार**– यह संपूर्ण शरीर को आरोग्य, ऊर्जा एवं शक्ति प्रदान करता है। इसमें कुल 12 आसन होते हैं। इससे शरीर के सभी अंग प्रत्यंग में क्रियाशीलता आती है तथा शरीर के समस्त आंतरिक ग्रंथियां सुचारू रूप से चलती है। सूर्य नमस्कार सभी आसनों में सर्वश्रेष्ठ है। यह संपूर्ण शरीर को आरोग्यता प्रदान करता है। हाथ ,पैर, भुजा, जांघ, कंधा आदि सभी अंगों के मांसपेशियां पुष्ट होती है। मानसिक शांति, बल, ओज में वृद्धि करता है। संपूर्ण शरीर में रक्त संचार को संपन्न करता है। इससे शरीर निरोग बनता है।

शीषासन यह सब आसनों का राजा है। इससे शुद्ध रक्त मस्तिष्क को मिलता है। इससे आंख, नाक, कान आदि सक्रिय हो जाते हैं। पाचन तंत्र, आमाशय, यकृत सक्रिय होकर कुशलता पूर्वक कार्य करते हैं। असमय बालों का झड़ना, सफेद होना जैसी समस्याएं नहीं होती।

ताड़ासन इससे ऊंचाई में वृद्धि होती है शरीर के स्नायु सक्रिय विकसित होते हैं।




योग केवल व्यायाम नहीं, आत्मा को जानने और जीवन को सुलझाने का माध्यम है।



**श्रीमती उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे**
(अध्यक्ष)
जनपद पंचायत पिथौरा

योग कीजिए, रोग दूर भगाइए रोज कीजिए, और जीते जाईए



**ब्रम्हानंद प्रेमशंकर पटेल**
(उपाध्यक्ष)
जनपद पंचायत पिथौरा

योग बस एक कसरत नहीं बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है।



**स्वप्निल तिवारी**
(जिला अध्यक्ष)
श्रमजीवी पत्रकार संघ महासमुंद

रोगमुक्त जीवन जीने की हो चाहत, तो नियमित योगाभ्यास की डालो आदत




योग से न केवल शरीर स्वस्थ होता है, बल्कि मन भी शांत और स्थिर हो जाता है।



**सुमित अग्रवाल**
विधायक प्रतिनिधि
वन मंडल पिथौरा

योग ही एक ऐसी कला है, जिससे जटिल से जटिल रोगों को दूर किया जा सकता है और स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है



सभी बीमारियों का उपचार योग और स्वस्थ जीवन शैली में निहित है। – बाबा रामदेव



**संदीप सेन**
(पार्षद)
वार्ड क्र. 06 पिथौरा

योग से बड़ा कोई ऐश्वर्य नहीं, योग से बड़ी कोई सफलता नहीं, योग से बड़ी कोई उपलब्धि नहीं।



**धनंजय पटेल**
पटेल मोटर्स पिथौरा

योग से जुड़ने का अर्थ है जीवन से जुड़ना और खुद को स्वीकार करना।

जिस दिन से योग जीवन का हिस्सा बनता है, उस दिन से अशांति जीवन से दूर जाने लगती है।



**शिव पटेल**
शिवम कृषि सेवा केंद्र पिथौरा

योग धर्म नहीं, एक विज्ञान हैं यह कल्याण का विज्ञान, यौवन का विज्ञान शरीर मन और आत्मा को जोड़ने का विज्ञान है"

योग वो साधना है, जो श्वासों को भी अर्थ और जीवन को भी दिशा देती है।



**दिनेश कुमार साहू**
महादेव एग्रीकल्चर पिथौरा
9826130516

"स्वयं को बदलो, जग बदलेगा योग से सुखमय हर दिन खिलेगा"



**हेमसिंह ठाकुर**
(पूर्व सरपंच)
ग्राम पंचायत बगारपाली

स्वस्थ जीवन जीना ही है जिंदगी की जमा पूंजी और योग करना है रोगमुक्त जीवन की कुंजी।

योग कीजिए, रोग दूर भगाइए रोज कीजिए, और जीते जाईए



**हेमन्त खुटे**
(सचिव)
छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ

योग मनुष्य के शरीर, मन और आत्मा को करता है प्रदान... उर्जा, ताकत और सौन्दर्य

सुबह हो या शाम, रोज कीजिए योग निकट ना आएगा कभी आपके कोई रोग



**उदय नायक**
श्री बजरंग ट्रैक्टर्स पिथौरा


संकलनकर्ता- संवाददाता, जाकिर कुरैशी एवं ललित मुखर्जी, पिथौरा, मो.- 9977017786, 9111194424

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं...

## योग मनुष्य के शरीर, मन और आत्मा को उर्जा, ताकत और सौन्दर्य प्रदान करता हैं

**योग से लाभ** - योग के एक नहीं अनेकों लाभ है। योग सूत्र में, हजारों ऐसे आसन बताए गए हैं, जिनसे हमारे शरीर के प्रत्येक अंग को रोग मुक्त किया जा सकता हैं। रोग व्याधियों के अनुसार लाभ देने वाले योग

**आसन इस प्रकार हैं** :-

**सर्वांगासन** - इससे मोटापा, दुर्बलता, कद वृध्दि में कमी एवं थकान आदि विकार दूर होते हैं। शारीरिक ऊँचाई बढ़ती हैं। यह आसन थायराइड को सक्रिय बनाता हैं।

**पद्मासन** - ध्यान के लिए उत्तम आसन हैं। मन की एकाग्रता को बढ़ाता है। जठराग्नि को तीव्र करता हैं।

**शवासन** - मानसिक तनाव, डिप्रेशन, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग तथा अनिद्रा के लिए यह सर्वोत्तम आसन हैं। इस आसन से शरीर, मन, मस्तिष्क एवं आत्मा को पूर्ण विश्राम, शक्ति उत्साह एवं आनंद मिलता है। ध्यान की स्थिति का विकास होता है।

**चक्रासन** - यह आसन रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाता है। इससे कमर दर्द में राहत मिलती है। हाथ पैरों की मांसपेशियां सबल बनती है।

**धनुरासन** - धनुरासन मेरुदंड को लचीला एवं स्वस्थ बनाता है। स्त्रियों के मासिक धर्म संबंधी विकृतियां में लाभदायक है।

**सूर्य नमस्कार** - यह संपूर्ण शरीर को आरोग्य, ऊर्जा एवं शक्ति प्रदान करता है। इसमें कुल 12 आसन होते हैं। इससे शरीर के सभी अंग प्रत्यंग में क्रियाशीलता आती है तथा शरीर के समस्त आंतरिक ग्रंथियां सुचारू रूप से चलती है। सूर्य नमस्कार सभी आसनों में सर्वश्रेष्ठ है। यह संपूर्ण शरीर को आरोग्यता प्रदान करता है। हाथ, पैर, भुजा, जांघ, कंधा आदि सभी अंगों के मांसपेशियां पुष्ट होती है। मानसिक शांति, बल, ओज में वृद्धि करता है। संपूर्ण शरीर में रक्त संचार को संपन्न करता है। इससे शरीर निरोग बनता है। शीषासन यह सब आसनों का राजा है। इससे शुद्ध रक्त मस्तिष्क को मिलता है। इससे आंख, नाक, कान आदि सक्रिय हो जाते हैं। पाचन तंत्र, आमाशय, यकृत सक्रिय होकर कुशलता पूर्वक कार्य करते हैं। असमय बालों का झड़ना, सफेद होना जैसी समस्याएं नहीं होती। ताड़ासन इससे ऊंचाई में वृद्धि होती है शरीर के स्नायु सक्रिय विकसित होते हैं।










## खबर संक्षेप



### नवागांव स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माशा नवागांव संकुल केंद्र पटेवा के वरिष्ठ शिक्षक बिहेंद्र साहू द्वारा अपने जन्मदिन पर शाला के विद्यार्थियों को शासन के महत्वाकांक्षी योजना पोषण शक्ति आहार योजना के अंतर्गत नेवता भोज का आयोजन किया गया। नेवता भोज में खीर पूड़ी अचार, पापड़ एवं दाल चावल सब्जी परोसा गया। बच्चों ने बड़े उत्साह से भोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू, शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर, अमर साहू, किरण दीवान रसोईया दयाबाई दीवान, हीरा बाई दीवान, कुमारी बाई, दयालु उपस्थित थे। संस्था के सभी शिक्षकों द्वारा बिहेंद्र को मिठाई खिलाकर जन्मदिन मनाया गया।



### नगर में विश्व योग दिवस पर योगाभ्यास आज

**सरायपाली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नगर के गीता भवन में तैयारी तेज हो चुकी है। दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के लिए नगर में बड़ी संख्या में योगाभ्यास किया जा रहा है। नगर के स्कूल, महाविद्यालय, सामाजिक संगठन मैदान, गार्डन में निशुल्क रूप से योगाभ्यास किया जा रहा। इस वर्ष योग दिवस पर 21 जून को नगर में सुबह 5 बजे से 8 बजे तक निरंतर योग किया जाएगा। सैकड़ों की संख्या में योग प्रेमी ध्यान, प्राणायाम, ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कुर्सी आसान, कटी चक्रासन्न, तितली आसन, गोमुखासन आसन सामूहिक रूप से करेंगे। महाविद्यालयों में व्याख्यान व संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। योग प्रेमी अनोखे अंदाज में भी योग के आसन करने जा रहे हैं।

## निधन

### तपस्विनी साहू



**सरायपाली।** ग्राम पंचायत जोगनीपाली की सरपंच एवं सरपंच संघ उपाध्यक्ष तपस्विनी साहू का निधन हो गया है। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिकजन, पंच, सरपंच एवं जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए।

# धरती आबा जनभागीदारी अभियान, शिविर के माध्यम से हो रहा समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर विकसित भारत की संकल्पना के साथ देश विकास की बुलंदियों को छू रहा है। विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ते हुए तथा सभी वर्ग समुदाय की निरंतर चिंतन करते हुए मोदी के नेतृत्व में 17 जून 2025 से 30 जून 2025 तक जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में धरती आबा जनभागीदारी अभियान अंतर्गत आदिवासियों के प्रगति एवं विकास हेतु प्रतिबद्ध अमृत काल के स्वर्णिम अवसर में जागरूकता एवं लाभ परिपूर्ण शिविर जिला प्रशासन एवं आदिवासी विकास विभाग महासमुंद के तत्वावधान में ग्राम पंचायत बागबाहरा कला के आश्रित ग्राम करमापटपर में आयोजित किया गया।

ज्ञात हो कि बीते दिनों में विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार के रूप में आम जनमानस की समस्याओं, शिकायतों और मांगों को शिविर के माध्यम से सुना गया और संभवतः लगभग सभी मामलों का निराकरण संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के पूर्ण सहयोग से निराकृत किया गया। इसी तारतम्य में पुनः नई सोच और नई ऊर्जा के साथ धरती आबा जनभागीदारी



अभियान के तहत जागरूकता एवं लाभ परिपूर्ण शिविर के माध्यम से (आदिवासी) जनजातीय समुदाय के लोगों तक शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने के साथ-साथ आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, ई-श्रमिक कार्ड, राशन कार्ड आदि बनाने में हो रही समस्याओं का निराकरण शिविर के माध्यम से किया जा रहा है।

विकासखंड बागबाहरा के ग्राम करमा पटपर में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद भीखम सिंह ठाकुर ने अपनी उपस्थिति प्रदान की तथा शिविर में जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, अनु. जनजाति आयुक्त शिल्पा साय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुंद सच्चिदानंद आलोक, अनुविभागीय अधिकारी बागबाहरा उमेश साहू, तहसीलदार बागबाहरा जुगल किशोर पटेल की उपस्थिति में सरपंच गोवर्धन पटेल, उपसरपंच कुसुमलता बरिहा, जनपद सदस्य बागबाहरा मधुलिका गणेश चंद्राकर, पंचगण डिगंबर बरिहा, सेतबाई बरिहा, इंदु बाई बरिहा, पूर्व सरपंच तुलसीराम बरिहा, पूर्व सरपंच तुलसीराम बरिहा,ग्रामीणजन सागर नेताम, गुलाप ठाकुर, मयाराम पटेल, सहदेव नागेश, मीरकेतन पटेल, दुर्योधन नागेश, श्याम पटेल, भुनेश्वर पटेल, नारायण, मोहित ठाकुर, घनाराम बरिहा, सामाजिक कार्यकर्ता उदयभानु ध्रुव, ओमप्रकाश ध्रुव,अजय ध्रुव, बहुर देशकर उपस्थित रहे।

## समीक्षा : जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा के लिए हुई बैठक

# योजना के पूर्ण कार्यों को ग्राम पंचायतों को हैंडओवर करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



मिशन संचालक जितेंद्र शुक्ला ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जल जीवन मिशन के जिले में प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शुक्रवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जल जीवन मिशन संचालक जितेंद्र शुक्ला ने की। बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अधीक्षण अभियंता आरके शुक्ला, कार्यपालन अभियंता डीपी वर्मा सहित सभी जनपद सीईओ, विभागीय उप अभियंता, सभी क्रियान्वयन एजेंसियों के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जिले में चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए शुक्ला ने कहा कि कहा कि नल जल जीवन मिशन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके अंतर्गत हर ग्रामीण परिवार को नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना लक्ष्य है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन योजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करें और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। उन्होंने पाइपलाइन बिछाने, पानी टंकी निर्माण, गृह संयोजन की स्थिति तथा परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने जो हर घर जल योजना अंतर्गत जितने ग्राम पंचायतों में जल प्रदाय का कार्य प्रारंभ हो चुका है, उसे पंचायतों को हैंड ओवर करने के निर्देश दिए। हर घर जल योजना अंतर्गत 511 पंचायतों में जल सेवा प्रदाय किया गया। जिसमें से 172 पंचायतों को हैंड ओवर किया गया है। इसी तरह शुक्ला ने विद्युत संयोजन के लिए जिन ग्राम पंचायतों में डिमांड नोट प्राप्त नहीं हुआ है, वहां तत्काल डिमांड नोट प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। जल जीवन मिशन अंतर्गत टंकी निर्माण अप्रारंभ होने वाले ग्रामों में कारणों की समीक्षा करते हुए उनकी शीघ्र समाधान कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। पीएम जनमन योजना अंतर्गत जिले के कुल 76 मोहल्लों में जल प्रदाय किया जाना है। जिसे प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत समोदा, अछोला बैराज से 48 गांवों में पानी पहुंचेगी, जिसे दिसंबर माह तक पूर्ण करने कहा गया है। उन्होंने कहा कि सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण हों और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि आईएसए एजेंसियां गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए कार्य की निगरानी करें और आवश्यकतानुसार ठेकेदारों का मार्गदर्शन करें। बैठक के दौरान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले में प्रगति की जानकारी दी। पीएचई कार्यपालन अभियंता वर्मा ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत कुल 1117 ग्रामों में 2 लाख 21 हजार घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय किया जाएगा। बैठक में रिट्रोफिटिंग, सोलर आधारित जल योजनाएं, जल स्त्रोत की उपलब्धता, खनन संबंधी मुद्दों और जल संरक्षण-स्त्रोत संवर्धन पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं को भी गंभीरता से सुना गया।

# सांसद रूपकुमारी करेंगी बसना में चरण पादुका वितरण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के लिए

- 92,058 तेंदूपत्ता संग्राहक महिलाओं को मिलेगा लाभ

राज्य सरकार द्वारा संचालित चरण पादुका योजना के अंतर्गत चरण पादुका वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 21 जून को जशपुर तपकरा से करेंगे। इसी क्रम में जिला महासमुंद अंतर्गत विकासखंड बसना में जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांसद रूपकुमारी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर योजना का शुभारंभ करेंगी। इस अवसर पर सांसद चौधरी द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार की महिला सदस्यों को चरणपादुका का वितरण किया जाएगा।



कार्यक्रम में विधायक बसना डॉ. संपत अग्रवाल, विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक सरायपाली चातुरी नंद, विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव, जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित महासमुंद के अध्यक्ष प्रमोद सेवनलाल चंद्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और महिलाएं एवं नागरिकगण शामिल होंगे।

प्रबंध संचालक जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित ने बताया कि यह योजना उन संग्राहक महिलाओं के लिए समर्पित है, जिन्होंने वर्ष 2023 और 2024 में कम से कम एक वर्ष में 500 गड्डी तेंदूपत्ता संग्रहण किया है। जिले के कुल 92,058 संग्राहक महिलाओं को इस योजना के अंतर्गत चरण पादुका प्रदान की जाएगी। यह चरण पादुका वितरण संग्राहक परिवारों के स्वाभिमान, सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक है। कठिन और दुर्गम वनों में काम करने वाली महिलाएं इस योजना से न केवल भौतिक रूप से सशक्त होंगी, बल्कि सामाजिक गरिमा भी उन्हें प्राप्त होगी। यह छत्तीसगढ़ सरकार की उन श्रमिकों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो जंगलों में परिश्रमपूर्वक राज्य की वन संपदा को सहेजते हैं।

उन्होंने बताया कि तेन्दूपत्ता संग्राहकों को लाभांवित किए जाने हेतु शासन द्वारा राजमोहिनी देवी बीमा अनुदान योजना, सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना एवं संग्राहक परिवार के बच्चों हेतु शिक्षा प्रोत्साहन अंतर्गत मेघावी पुरस्कार, प्रतिभाशाली छात्रवृत्ति, व्यावसायिक कोर्स एवं गैर व्यावसायिक कोर्स छात्रवृत्ति योजना संचालित है।

# भाजपा सरकार में रेत माफिया हो चुके हैं बेलगाम: साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी एवं पार्षद विजय साव ने कहा कि सत्ता रूढ़ पार्टी बीजेपी के नेताओं के संरक्षण की वजह से खनन माफिया, रेत माफिया बेलगाम हो चुके हैं। जिले में महानदी सहित अनेक नदियों का सीना भारी मशीनों से छलनी किया जा रहा है, और यह सब बीजेपी सरकार के संरक्षण में हो रहा है। प्रदेश में अवैध



रेत खनन का कारोबार न केवल पर्यावरण को नष्ट कर रहा है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और कानूनी व्यवस्था के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। सवाल यह है कि क्या बीजेपी सरकार इस माफिया राज को रोकने में नाकाम रही है या फिर यह जानबूझकर इसे संरक्षण दे रही है? छत्तीसगढ़ सहित महासमुंद जिले में में अवैध रेत खनन का कारोबार हजारों करोड़ रुपए का है। कांग्रेस के लगातार विरोध के बावजूद भारी मशीनों जैसे जेसीबी और पोकलेन का उपयोग कर नदियों से रेत निकाली जा रही है, जो पर्यावरणीय नियमों का खुला उल्लंघन है। महासमुंद और गरियाबंद, धमतरी जिलों में अवैध खनन की घटनाएं आम हो चुकी हैं। प्रशासन द्वारा की जाने वाली

# खुटेरी में पुण्यतिथि पर कवि धांधी की प्रतिमा अनावरण आज, परिचर्चा एवं गोष्ठी में जुटेंगे साहित्यकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

क्षेत्र के ख्यातिलब्ध कवि स्व. मधु धांधी की 74वीं जन्मतिथि पर उनकी कर्म भूमि ग्राम खुटेरी में उनकी प्रतिमा अनावरण समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में हिमांशु द्विवेदी प्रधान संपादक हरिभूमि, चुन्नीलाल साहू एवं साहित्यकार डॉ. चितरंजन कर, डॉ. शिवशंकर पटनायक, डॉ. धीरेंद्र साव, जीआर राणा, स्वराज्य करूण एवं प्रवीण प्रवाह बतौर अतिथि के रूप में आमंत्रित किए गए है। विदित हो कि स्व. मधु धांधी हिंदी और छत्तीसगढ़ी कविताओं के सृजक थे। अपनी साहित्यक जीवन की सफर की शुरूआात पिथौरा जैसे छोटे से कस्बे से शुरू कर छत्तीसगढ़ की साहित्यिक बिरादरी में अपनी एक विशेष पहचान बनायी थी। उनकी तीन पुस्तकें 1977 में हृदय का पंछी वर्ष 2022 में मेरा सागर तुम्हारी कस्ती और मोर सुरता के गांव का प्रकाशन किया गया। तीनों ही पुस्तकों का संपादन पिथौरा के वरिष्ठ साहित्यकार स्वराज्य करूण ने किया। ये तीनों पुस्तकें पिथौरा के साथ-साथ छत्तीसगढ़ साहित्य जगत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। आज उनके गृह ग्राम खुटेरी में उनकी 74वीं जन्मतिथि पर उनकी प्रतिमा अनावरण कर कालजयी रचनाकार की स्मृति को जीवंत रखने का प्रयास उनके परिवारजन एवं साहित्यिक बिरादरी द्वारा किया जा रहा है। प्रमुख आयोजक घनश्याम धांधी ने बताया कि साहित्यिक क्षेत्र में मधु धांधी का नाम अविस्मरणीय रहेगा। एक रचनाकार के दायित्वबोध हमेशा आने वाले पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत होता है। मधु धांधी ने अल्प समय में पिथौरा अंचल को गौरवान्वित कर सृजन को नई उंचाईयाँ दी है। आज उनकी साहित्यिक गतिविधियों पर परिचर्चा एवं कवि गोष्ठी भी आयोजित होगी। जिसमें अंचल के साहित्यकार सुधि श्रोतागण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे।

# ठगी के आरोप में गिरफ्तार सहायक शिक्षक निलंबित

**महासमुंद।** ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार शासकीय प्राथमिक शाला परसापाली (ब) के सहायक शिक्षक (एलबी) लोकनाथ खूंटे को जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी भंवरपुर, थाना बसना से प्राप्त पत्र के अनुसार लोकनाथ खूंटे, सहायक शिक्षक (एलबी) शासकीय प्राथमिक शाला पलसापाली (ब), विकासखंड बसना को शेयर मार्केट में पैसा लगाने संबंधी ठगी करने के आरोप में धारा 420,34 बी भादवि कायम कर 16 जून 2025 को समय प्रातः 10:30 बजे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। वर्तमान में संबंधित सहायक शिक्षक (एलबी) 48 घंटे से अधिक समय तक न्यायिक अभिरक्षा में जेल निरूद्ध होने पर संबंधित सहायक शिक्षक (एलबी) को छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण, तथा अपील) 1966 के नियम-9 के उपनियम (2) (क) के तहत गिरफ्तारी 16 जून से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। संबंधित का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी बसना नियत है। निलंबन अवधि में संबंधित सहायक शिक्षक को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# विष्णु के कुशासन में बच्चों का भविष्य अंधकारमय : राकेश

## शिक्षकों की कमी और महंगी शिक्षा, क्या यही विष्णुदेव सुशासन?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को पूरी तरह से बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ बताते हुए आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा है कि विष्णुदेव के कुशासन में बच्चों का भविष्य अंधकारमय है।

महासमुंद सहित लगभग जिले के अनेकों स्कूलों में सैकड़ों रिक्त पदों की जानकारी छिपाई जा रही, कई स्कूल ऐसे हैं, जहां दर्जनों शिक्षक होने के बावजूद उन्हें एकल शिक्षक या शिक्षकविहीन स्कूल बताकर शिक्षकों को जबरिया भेज रहे हैं। कई स्कूलों में जहां अतिशेष बताकर शिक्षकों को अन्यत्र भेजा गया है, उन्हीं स्कूलों में फिर से उसी विषय के शिक्षक भेजे जा रहे हैं। सरकार में बैठे लोग अपने चहेतों को अतिशेष की सूची से बाहर कर दिया।



### आत्ममुग्ध सरकार मना रही प्रवेशोत्सव

झाबक ने बताया कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर पिछले शिक्षण सत्र की तुलना में छत्तीसगढ़ के 10372 सरकारी स्कूल कम हो गए, नाराज प्रदेशभर के शिक्षक हड़ताल पर हैं, रखरखाव के अभाव में कई स्कूल जर्जर अवस्था में हैं और आत्ममुग्ध सरकार के शाला प्रवेश उत्सव मना रही है। प्राइवेट स्कूल संचालकों और अफसरों की मिलीभगत के चलते छात्रों को निःशुल्क पाठ पुस्तकें नहीं मिल पा रही है, जिस कारण उन्हें महंगे और अतिरिक्त सिलेबस वाले गुणवत्ता विहीन पुस्तक खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। वही निजी स्कूलों ने शासन की ओर से दी जाने वाली निशुल्क पाठ्य पुस्तक नहीं ली है, जिससे छात्रों को महंगी किताबें लेनी पड़ रही हैं, जो गैरकानूनी है।



### मोंगरा स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोंगरा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें नवप्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर व गणवेश वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच रिखिराम साहू, नीलम यादव, मोतीलाल साहू, गोपी कन्नौजे, प्रधान पाठक रोशन लकरा, शिक्षिका ज्योति रुपेश कन्नौजे, शिक्षिका रूपवर्षा ठाकुर आदि उपस्थित थे।






# कांग्रेस राज में जिन्हें संरक्षण दिया उन्हीं रेत माफियाओं की खिलाफत क्यों?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस शासनकाल में जिन नेताओं ने रेत माफियाओं को संरक्षण दिया आज उन्हीं के कारनामे कांग्रेसियों को उन रेत घाटों तक खींच ले गए, जहां से वे अपने शासनकाल में हिस्सेदारी लेते आए हैं। अब केवल विरोध की राजनीति के चलते आज कांग्रेसियों के कदम रेत घाट तक पहुंच गए, जहां केवल उनके अर्दली पहुंचा करते थे। हाल ही में कांग्रेसी नेताओं की बयानबाजी को भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने हास्यास्पद बताते हुए कहा कि महासमुंद क्षेत्र में रेत खदानों का लीज कांग्रेस सरकार के समय अपने चहेतों कांग्रेसी नेताओं के नाम पर दिया। रेत के अवैध उत्खनन और भंडारण को लेकर जिला महामंत्री प्रदीप ने तात्कालीन कांग्रेस सरकार के नुमाइंदों और पीसीसी चीफ दीपक बैज द्वारा सरकार पर लगाए आरोपों को निराधार और उनकी बौखलाहट का परिणाम बताते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार में कांग्रेसी नेताओं के संरक्षण में इन रेत खदानों से दिनरात धड़ल्ले से उत्खनन किया गया और क्षमता से अधिक भंडारण कर जगह जगह रेत का पहाड़ खड़ा किया गया था। जिसके विरोध में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने रैली धरना प्रदर्शन के माध्यम से विरोध प्रदर्शन करते हुए यातनाएं सही थी।

प्रदीप ने कांग्रेसी नेताओं पर रेत, शराब, और गौवंश के गोबर तक अरबों रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि रेत का अवैध कारोबार कांग्रेस सरकार के संरक्षण में प्रारंभ हुआ। जिसमें उनके



जनप्रतिनिधियों से लेकर छुटभैये नेता शामिल रहे। अपने भ्रष्टाचार और काली कमाई से प्रदेश की सत्ता से बेदखल हुई कांग्रेस की स्थिति खात्मे की ओर है। प्रदीप ने कांग्रेसी शासनकाल से ही हुए रेत खदानों के आबंटन और रेत का अवैध उत्खनन को लेकर भाजपा के सांसद, विधायकों ने सीधे मुख्यमंत्री से मिलकर इसे रोकने और रेत माफियाओं पर कार्रवाई की मांग की थी। जिसे संज्ञान में लेते हुए कांग्रेस अध्यक्ष के आगमन के पूर्व से ही समय-समय पर सरकार ने क्रमशः रेत खदानों की जांच और रेत के अवैध कारोबार में लिप्त वाहनों की जब्ती की कार्रवाई की है। जिला महामंत्री प्रदीप ने जिला प्रशासन से रेत माफियाओं पर और सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के समय से ही रेत खदानों में जिन स्थानों का लीज ठेकेदारों को मिला है उससे अधिक जगहों पर माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से रेत का उत्खनन किया जा रहा है, जिस पर तत्काल लगाम लगाना जरूरी है। जिला प्रशासन रेत खदानों की जांच कर सुनिश्चित करे कि नियमानुसार रेत का उत्खनन हुआ है या नहीं। भाजपा सरकार की तरफ से लगातार रेत माफियाओं पर हो रही कार्रवाई से घबराए पीसीसी चीफ और कांग्रेस के नेता अपने सरकार के समय, अपने चहेतों को दिए गए ठेकेदारों को संरक्षण देने का काम पहले करते रहे है। जिला महामंत्री प्रदीप ने कहा कि कांग्रेसी सरकार के समय से ही दिये गए रेत खदानों का ठेका में रेत माफियाओं द्वारा रेत का अवैध उत्खनन लीज वाली जगह से हटकर अन्य जगहों पर रेत खनिज का बेतहाशा दोहन किया गया है और कांग्रेस सरकार के समय से ही रेत उत्खनन और कालाबाजारी के लिए अधिक भंडारण के लिए नियम से विपरीत रेत खोदने के लिए मशीनों, चेन वाहनों का इस्तेमाल किया गया। जबकि, रेत निकालने के लिए श्रमिकों का उपयोग किया जाना नियम में है। जिला महामंत्री प्रदीप ने कांग्रेस चीफ दीपक बैज सहित कांग्रेसी नेताओं को अपने सरकार के समय के काले कारनामों को छुपाने के लिए किए भाजपा सरकार पर किये जा रहे अनर्गल बयानबाजी से बाज आने की नसीहत देते हुए कहा कि भाजपा की सरकार प्रदेश में भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन के लिए प्रतिबद्ध है।